341.6 मिमी बारिश हुई है उत्तर प्रदेश में इस मानसून में। यह सामान्य से 12 फीसद कम है। असम, पंजाब और मध्य प्रदेश में सामान्य बारिश हुई है।

www.jagran.com राष्ट्रीय संस्करण
दैनिक जागरण
सोमवार 5 अगस्त 2019

मुंबई सहित आधे महाराष्ट्र पर बारिश का कहर

मौसम का कहर ▸ सेना ने मोर्चा संभाला, ठाणे में एमआइ-17 हेलीकॉप्टर से 38 लोग निकाले गए

अगले 48 घंटे में भारी बारिश की चेतावनी, लोगों से घरों में रहने की अपील

राज्य ब्यूरो, मुंबई

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई सहित आधे महाराष्ट्र पर बारिश का कहर रविवार को भी जारी रहा। ठाणे, पालघर, नासिक और पुणे में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने के लिए एनडीआरएफ के साथ सेना के तीनों अंगों को मोर्चा संभालना पड़ा है। ठाणे में वायु सेना के एमआइ 17 हेलीकॉप्टर ने 38 लोगों को सुरक्षित निकाला। मुंबई और सतारा में बारिश के चलते पांच लोगों की मौत हुई है। शनिवार से जारी भारी बारिश के चलते रविवार को जब मुंबईकरों की नींद खुली तो महानगर का अधिकतर निचला इलाका बाढ़ की चपेट में नजर आया। यही हाल ठाणे, पालघर, कल्याण, नासिक, रायगढ़ और पुणे का था। मुंबई में औसत 150 मिलीमीटर तो ठाणे-पालघर में 200 मिलीमीटर बरसात दर्ज की गई। पटरियों पर पानी भरने से लोकल के साथ ही मेन ट्रेन सेवा बाधित हुई है। वांगनी, जहां कुछ दिनों पहले महालक्ष्मी एक्सप्रेस रात भर अटकी रही थी, उसी स्थान पर मध्य रेल की पटरियों के नीचे की मिट्टी बह गई है। छह ट्रेनों को रद करना पड़ा है और कुछ के मार्ग में बदलाव किया गया है। नासिक के त्रयंबकेश्वर मंदिर में पानी भर गया है।

खड़गवासला बांध से छोड़े गए पानी के कारण बाढ़ : मुंबई में मीठी नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण उसके किनारे रह रहे 400 लोग फंस गए थे। एनडीआरएफ की मदद से इन सभी लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। ठाणे के खडावली क्षेत्र में जुहूगांव-नंदखुरी गांव में करीब 38 लोग अपने घरों में करीब पांच फुट ऊंचाई तक पानी भर जाने के कारण फंसे हुए थे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस के अनुरोध पर वायु सेना के एमआइ-17 हेलीकॉप्टर ने इन सभी लोगों को सुरक्षित निकाला। पुणे में भी खड़गवासला बांध से छोड़े गए पानी के कारण पैदा हुई बाढ़ से बचाने के लिए करीब 500 परिवारों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है।

भारी बारिश से गुजरात के कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। नवसारी जिले के गनदेवी तालुका में बाढ़ में फंसे लोगों को वायुसेना ने सुरक्षित निकाल लिया। एएनआइ

नौसेना और थलसेना से मदद की अपील

मुख्यमंत्री ने नौसेना और थलसेना से ठाणे-कल्याण क्षेत्र में बाढ़ में फंसे लोगों की मदद करने की अपील की है। साथ ही मुंबई और आसपास के क्षेत्रों के लिए एनडीआरएफ की छह और टीमों की मांग की है।

ज्वार आने की चेतावनी

मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे में मुंबई समेत मध्य महाराष्ट्र के कई इलाकों में भारी बारिश की आशंका जताई है। समुद्र में ऊंचा ज्वार आने की चेतावनी मुंबई महानगरपालिका द्वारा पहले ही दी जा चुकी थी। मौसम विभाग ने भी इसकी चेतावनी दी है और लोगों से समुद्र से दूर रहने की अपील की है।

मुंबई में लगातार 30 घंटे से जारी भारी बारिश की वजह से सामान्य जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। रविवार को व्यस्त एलबीएस रोड पर जलभराव के बीच आवागमन करते लोग। प्रेट्र

स्वतंत्रदेव ने कहा, गुंडों के लिए भाजपा में जगह नहीं

जागरण संवाददाता, अलीगढ़

▸ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने उन्नाव कांड में पार्टी को पीड़िता के साथ बताया

उत्तर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने दावा किया है कि पार्टी का कोई भी विधायक या मंत्री गरीब का शोषण नहीं कर सकता। उन्नाव कांड में सरकार पहले दिन से ही पीड़िता के साथ है। पीड़ित परिवार ने जो मांग की उसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरा किया। चाहे सीबीआइ जांच हो, आरोपी की गिरफ्तारी, गनर देने की मांग या फिर निष्पक्ष जांच की मांग हो। उन्होंने कहा कि भाजपा में गुंडों के लिए कोई जगह नहीं। हालांकि, दुष्कर्म के आरोपित भाजपा के विधायक कुलदीप सेंगर को लेकर सवाल किए गए तो वे चुप्पी साध गए। यह कहते हुए प्रेसवार्ता से उठकर चले गए कि उन्हें कई कार्यक्रमों में जाना है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविवार को सदस्यता अभियान की बैठक लेने आए थे। इससे पहले मीडिया से कहा कि पार्टी सी ग्रेड के बूथों पर सदस्य बनाने के लिए विशेष ध्यान दे रही है। अमरनाथ यात्रा रोके जाने और बड़ी संख्या में सेना की तैनाती के बारे में कहा कि यह सुरक्षा का मामला है।

विधायक को तीस हजारी में पेश करेगी सीबीआइ

▸ प्रथम पृष्ठ से आगे

सीबीआइ विधायक को दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में पेश करेगी। कोर्ट ने दुष्कर्म कांड के आरोपित विधायक कुलदीप सिंह सेंगर, शशि सिंह के खिलाफ प्रोडक्शन वारंट जारी किया है। दोनों को पांच अगस्त की दोपहर 12.30 बजे से पहले कोर्ट में पेश होने को कहा गया है।

दुष्कर्म पीड़िता के फेफड़े में संक्रमण बरकरार : दुष्कर्म पीड़िता की हालत गंभीर बनी हुई है। अभी उसके फेफड़े में संक्रमण बरकरार है। सांस लेने में तकलीफ बनी हुई है। उसे वेंटिलेटर से नहीं हटाया जा सका है। दुर्घटना में घायल पीड़िता को पिछले रविवार को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था। मल्टीपल फ्रैक्चर होने से उसके शरीर से काफी रक्तस्राव हो गया था। ऐसे में उसे 10 यूनिट रक्त चढ़ाया गया है। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. संदीप तिवारी के मुताबिक, पीड़िता का निमोनिया ठीक होने में तीन से चार दिन लगेंगे। वहीं, पीड़िता के वकील को रविवार को भी वेंटिलेटर से बाहर रखा गया।

बच्चा चोर समझ भीड़ ने मानसिक बीमार को पीटा

जागरण संवाददाता, महोबा : उप्र के महोबा जिले में बच्चा चोर सक्रिय होने की दस दिन से फैली अफवाह ने उन्मादी भीड़ की हिंसा (मॉब लिंचिंग) के हालात पैदा कर दिए हैं। चरखारी में रविवार को सूपा रेलवे स्टेशन के पास भीड़ ने मानसिक बीमार युवक को बच्चा चोर समझकर लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। पुलिस ने पहुंच कर उसे बचाया।

सोशल मीडिया के जरिए पहले अजनर क्षेत्र में बच्चा चोर का शोर गूंजा। बच्चा चोरी की कोशिश की सूचनाओं पर पुलिस दौड़ती-भागती पहुंची मगर, जांच में मामला फर्जी निकला। रविवार को चरखारी में यही अफवाह खतरनाक रूप में दिखी जब सूपा रेलवे स्टेशन के पास बाहरी युवक को देखकर बच्चा चोर का शोर मचा। देखते-देखते भीड़ उस पर टूट पड़ी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को भीड़ से छुड़ाया और पूछताछ की। मानसिक बीमार होने के कारण युवक कुछ बोल नहीं पा रहा था। पुलिस ने आश्वस्त होने के बाद मानसिक बीमार को जाने दिया। चरखारी पुलिस ने बताया कि सरेराह मारपीट करने वाले लोगों को चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अजनर क्षेत्र में अभिभावकों ने बच्चों को विद्यालय भेजना बंद कर दिया है।

लिंग परिवर्तन से हुई शादी चाकू के 25 वार से कत्ल

जागरण संवाददाता, लुधियाना

पंजाब में लुधियाना के जगराओं के गांव कोठे शेरजंग में लिंग परिवर्तन कर शादी करने वाले व्यक्ति की शनिवार रात कुछ लोगों ने चाकू के 20 से 25 वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन उसे बार-बार बयान बदल रही पत्नी पर शक है।

ग्रामीणों ने बताया कि जसबीर सिंह पहले जसबीर कौर हुआ करता था। उसने दिल्ली के एक अस्पताल में लिंग परिवर्तन कराया था। उसकी पत्नी दलजीत कौर और वह कभी आपस में सहेलियां थीं। दोनों स्कूल में इक्कठे पढ़ती थीं। शादी के लंबे समय बाद जब औलाद नहीं हुई तो उन्होंने टेस्ट ट्यूब बेबी से संतान हासिल की। अब उनका बेटा आठ वर्षीय अमानत दूसरी कक्षा में पढ़ रहा है। जसबीर सिंह मोगा स्थित आइटीआइ में नौकरी करता था।

पत्नी दलजीत कौर ने पुलिस से कहा, 'मैं अपने पति व बेटे सहित घर में मौजूद थी। तीन-चार अज्ञात लोग आए। पहले उन्होंने सिर पर डंडा मारकर मुझे बेहोश कर दिया, फिर दुपट्टे से कुर्सी पर बांध दिया और पति जसबीर सिंह का कत्ल कर दिया। सुबह जब बेटा उठा तो उसने दुपट्टा खोलकर छुड़ाया।' घर के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच से पता चला कि शनिवार शाम से रविवार सुबह तक उनके घर कोई नहीं आया और न ही कोई बाहर गया। बाहर के दरवाजे को भी सुबह तक अंदर से ताला लगा हुआ था, जो उनके बेटे ने खोला। जसबीर ने अंडरवियर के अलावा और कोई कपड़ा नहीं पहना था। कत्ल उसके बिस्तर पर ही किया गया। पेट और छाती पर धारदार चाकू से 20 से 25 वार थे। ऐसा मालूम हो रहा था कि हमलावर ने उसे बचाव करने का समय ही नहीं दिया।

दलजीत कौर ने पहले कहा कि जब वह घर में थे, तो अज्ञात लोगों ने पति की हत्या कर दी। फिर कहा कि अज्ञात लोगों ने कहा कि घर में जो कुछ है वह दे दो, नहीं तो बेटे को मार देंगे। तीसरे बयान में कहा कि उनका बेटा सोया हुआ था। हमलावरों ने मेरे सिर पर चोट मारी और दुपट्टे से मुझे कुर्सी पर बांध दिया। एक अन्य बयान में उसने कहा कि वह और उसका पति नींद की गोली खाते थे।

ताजमहल में अब तक गायब हुए चार हजार मैग्नेटिक क्वाइन

जागरण संवाददाता, आगरा : ताजमहल पर पर्यटकों के प्रवेश की नई व्यवस्था शुरू होने के बाद अब तक करीब चार हजार मैग्नेटिक क्वाइन गायब हो गए हैं। स्मारक के गेट बंद होने पर प्रवेश से वंचित रहने वाले पर्यटक उन्हें वापस करने के बजाय साथ ले गए। इससे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) को नए क्वाइन खरीदने पड़ रहे हैं। ताजमहल पर टर्न स्टाइल गेट व मैग्नेटिक क्वाइन की शुरुआत 11 जून से हुई थी। इस व्यवस्था में पर्यटकों को टर्न स्टाइल गेट पर क्वाइन स्कैन करने के बाद ही प्रवेश मिलता है। बाहर आते समय भी उन्हें क्वाइन स्कैन करना होता है। मगर अब तक करीब चार हजार मैग्नेटिक क्वाइन गायब हो गए हैं। दरअसल, ताज के प्रवेश द्वार सूर्यास्त से आधा घंटे पहले बंद हो जाते हैं।

इस अवधि में आने वाले पर्यटकों को स्मारक में प्रवेश नहीं मिल पाता। ऐसे पर्यटकों द्वारा क्वाइन वापस नहीं करने से वो कम हो रहे हैं। अधीक्षण पुरातत्वविद वसंत कुमार स्वर्णकार ने बताया कि गेट बंद होने की स्थिति में प्रवेश नही मिलने पर पर पर्यटकों को क्वाइन लौटा देने चाहिए।

दुष्कर्म के दोषी को जमानत मिलने पर अमेरिकी महिला ने जताई नाराजगी

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली

▸ सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर जताया विरोध

▸ 2013 में हुई वारदात से टूट गई थी पीड़िता की शादी, छोड़ना पड़ा था भारत

दुष्कर्म (डिजिटल रेप) के दोषी को जमानत देने और उसकी सजा को स्थगित करने से नाराज अमेरिकी महिला ने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर विरोध जताया। इसी साल फरवरी में एक फास्ट ट्रैक अदालत ने अमेरिकी महिला से दुष्कर्म के लिए दिल्ली के युवक को दोषी करार देते हुए सात साल कारावास की सजा दी थी। पिछले माह दोषी को हाई कोर्ट ने सशर्त जमानत दे दी और उसकी सजा को स्थगित कर दिया।

इस मामले में दोषी ठहराए गए राजीव पंवार पर आरोप था कि वर्ष 2013 में दक्षिण दिल्ली स्थित अपने घर में किराये पर रहने वाली अमेरिकी महिला से उन्होंने दुष्कर्म किया। महिला का दावा था कि इस घटना के कारण उनकी शादी टूट गई और मजबूरन उन्हें भारत छोड़ना पड़ा। पीड़िता संयुक्त राष्ट्र के काम से भारत में थीं।

उनका कहना था कि घटना के दिन अल सुबह 4 से 4.30 के करीब उन्हें महसूस हुआ कि कोई उनके साथ डिजिटल रेप की कोशिश कर रहा है। उन्हें जगा हुआ देखकर पंवार भागने लगा तो पति उसके पीछे भागे। वह बहुत डर गईं और उन्होंने अपने पति को पंवार के पीछे जाने से रोकते हुए अपने पास ही रहने की गुजारिश की। पंवार को घटना के दिन ही गिरफ्तार कर लिया गया था। निचली अदालत से सजा मिलने के बाद हाई कोर्ट में अपील की गई थी। अब हाई कोर्ट ने जमानत दी है, जिसमें शर्त लगाई है कि पंवार एनसीआर से बाहर नहीं जा सकता और किसी भी मायने में पीड़िता से संपर्क नहीं कर सकता।

मप्र में बस से टकराकर पहाड़ी में घुसी जीप, चार की मौत, नौ घायल

नईदुनिया, बड़वानी/निवाली : मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले के निवाली थाना क्षेत्र में रविवार सुबह तोरणमाल की ओर जा रही जीप सामने से आ रही बस से टकराते हुए पहाड़ी में जा घुसी। हादसे में जीप सवार चार लोगों की मौके पर मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। टक्कर में जीप के परखचे उड़ गए। जीप सवार लोग धार जिले के कुक्षी थाना क्षेत्र के ग्राम अंबाड़ा निवासी थे।

निवाली थाना प्रभारी आरआर बड़ोले ने बताया कि बस चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। वह फरार है। जीप में सवार लोग तोरणमाल घूमने जाने के लिए रविवार सुबह निकले थे। इसके अतिरिक्त दो अन्य वाहनों में भी अंबाड़ा व सालखेड़ा के लोग सवार थे। सुबह करीब 8.30 बजे निवाली थाना क्षेत्र के खड़ीखम घाट में जीप खेतिया से इंदौर जा रही बस से ड्राइवर साइड से टकरा गई और असंतुलित होकर पहाड़ी में घुस गई। हादसे में जीप चालक अंतिम (35) निवासी कुक्षी, नारायण (35), विजय (40) व सुरेश (40) निवासी ग्राम अंबाड़ा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

अयोध्या सुनवाई के सजीव प्रसारण के लिए गोविंदाचार्य पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, आइएएनएस : संघ विचारक केएन गोविंदाचार्य ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर छह अगस्त से शुरू होने वाले अयोध्या मामले की सुनवाई का सजीव प्रसारण (लाइव स्ट्रीमिंग) करने की गुहार लगाई है। शनिवार को दायर की गई अपनी याचिका में पूर्व भाजपा नेता ने सितंबर, 2018 के सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का हवाला दिया है जिसमें लाइव स्ट्रीमिंग की शुरुआत करने की बात कही गई थी। गोविंदाचार्य के वकील विराग गुप्ता ने कहा कि वह सोमवार को शीर्ष अदालत से याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग करेंगे। गोविंदाचार्य ने याचिका में कहा है कि यह मामला राष्ट्रीय महत्व का है। याचिकाकर्ता समेत करोड़ों लोग इस सुनवाई का हिस्सा बनना चाहते हैं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के मौजूद नियमों के तहत ऐसा संभव नहीं है। राम मंदिर मुद्दे पर लोग जल्द न्याय चाहते हैं। पिछले नौ सालों से यह मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है और बड़े पैमाने पर लोग देरी के कारणों को जानना चाहते हैं। गोविंदाचार्य ने कहा कि भारत डिजिटल सुपर पावर है।

गैंगस्टर जग्गा ने अकाली नेता पर चलाईं गोलियां, घिर जाने पर खुद को मारी गोली

जागरण संवादाता, अबोहर (फाजिल्का)

▸ अकाली नेता ने जवाबी फायरिंग की तो भाग निकले अन्य साथी गैंगस्टर

▸ गाड़ी पलटने के बाद घेरे जाने पर जग्गा ने की खुदकशी, एक साथी पकड़ा गया, तीन फरार

पंजाब के अबोहर के गांव खाटवां के वरिष्ठ अकाली नेता और अबोहर नगर सुधार ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन प्रह्लाद खाटवां पर रविवार सुबह 8.30 बजे उनके निवास पर तरनतारन के गैंगस्टर व ड्रग तस्कर जगबीर सिंह उर्फ जग्गा ने चार अन्य साथियों के साथ हमला कर फायरिंग शुरू कर दी। इसमें प्रह्लाद खाटवां बच गए। इसके बाद अकाली नेता व उनके निजी अंगरक्षक की ओर से जवाबी फायरिंग करने पर हमलावर वहां से भाग निकले। थोड़ी दूर जाकर आरोपितों की स्कार्पियो पलट गई और ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया। इस पर गैंगस्टर जगबीर सिंह ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उनके एक साथी को लोगों ने पकड़ लिया, जबकि तीन अन्य हमलावर वहां से राजस्थान की ओर भाग निकले।

रविवार रात आठ बजे आइजी एमएस छीना, एसएसपी भूपेंद्र सिंह व ओकू टीम के अधिकारी अजय मलूजा ने ने बताया कि यह हमला भरतपुर जेल में बंद गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई ने करवाया। लारेंस के साथी अंकित भादू, जो पिछले दिनों जीरकपुर में पुलिस मुठभेड़ में मारा जा चुका है का अकाली नेता प्रह्लाद खाटवां के साथ विवाद था। इसके चलते लारेंस बिश्नोई ने अबोहर निवासी अपने मित्र जितेंद्र पाल सिंह से संपर्क कर कहा कि मैं चार शूटर भेज रहा हूं, इन्हें प्रहलाद खाटवां की पहचान करवा देना। योजना के मुताबिक पांचों रविवार सुबह करीब आठ बजे गांव खाटवां पहुंचे। यहां जितेंद्र सिंह ने प्रह्लाद खाटवां की पहचान करवा दी। उस वक्त खाटवां अपने घर के बाहर पीपल के नीचे बैठे थे। प्रह्लाद को आभास हो गया कि कुछ गलत होने वाला है। ऐसे में उन्होंने अपनी व अंगरक्षक की पिस्तौल तैयार कर ली। हमलावरों ने आते ही आठ-दस गोलियां चलाईं, लेकिन सामने से प्रह्लाद व उसके अंगरक्षक द्वारा की गई जवाबी फायरिंग से हमलावर भाग निकले। अभी हमलावर थोड़ी दूर ही पहुंचे होंगे कि उनकी स्कार्पियों पलट गई। आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने समझा कि बच्चा उठाने वाला कोई गिरोह है। लोगों ने उनको घेर लिया। स्वयं को घिरा पाकर गैंगस्टर जग्गा ने खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। अबोहर निवासी जितेंद्र पाल सिंह को पकड़ लिया। इस दौरान हमलावरों की गोली से शेरेवाला गांव के वासी उज्ज्वल व हरिकृष्ण घायल हो गए। दोनों के पैर में गोली लगी है।

पुलिस ने बरामद किए हथियार : पुलिस ने मृतक जग्गा के पास से रिवाल्वर .9 एमएम, यूएसए, 29 गोली, एक मोबाइल फोन व 78 हजार 250 रुपये की नकदी बरामद की है। वहीं पकड़े गए जतिंद्र पाल सिंह से एक पिस्तौल, 32 कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा स्कार्पियों को कब्जे में ले लिया गया है। पांचों आरोपितों के खिलाफ थाना बहाववाला में मामला दर्ज कर लिया गया है।

जग्गा के खिलाफ कई जिलों में दर्ज हैं मामले : जग्गा पर अबोहर, मलोट, फाजिल्का, तरनतारन समेत अनेक जगहों पर उसके खिलाफ मामले दर्ज हैं और कई मामलों में तो वह भगोड़ा है। उस पर 21 किलो हेरोइन का मामला तरनतारन में दर्ज किया गया था, बाद में वह जेल से फरार हो गया था।

कॉरिडोर का काम 60 फीसद पूरा, टर्मिनल निर्माण में लाई गई तेजी

संवाद सूत्र, कलानौर : भारत-पाकिस्तान के बीच गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब के लिए बनाए जा रहे कॉरिडोर के निर्माण का जायजा लेने के लिए शनिवार को केंद्रीय टीम डेरा बाबा नानक आई थी। नेशनल हाईवे अथॉरिटी आफ इंडिया और लैंडपोर्ट अथॉरिटी की टीम ने दावा किया कि कॉरिडोर और टर्मिनल का काम तय समय से पहले पूरा कर लिया जाएगा। करतारपुर कॉरिडोर का काम करीब 60 फीसद पूरा कर लिया गया है। टर्मिनल के काम में और तेजी लाई गई है। काम जल्दी करवाने के लिए और मजदूर बाहरी राज्यों से लाए जा रहे हैं।

गौरतलब है कि 16 एकड़ में आधुनिक टर्मिनल बनाया जा रहा है। इसके कांप्लेक्स और फाउंडेशन का काम पूरा हो चुका है। टर्मिनल के प्लानिंग प्रोजेक्टर का कहना है कि इसके परिसर में बस, कार और मोटरसाइकिल की पार्किंग का निर्माण चल रहा है। बिजली घर, वाटर सप्लाई और सेनिटेशन के लिए दो वाटर टंकियों का निर्माण, चार वॉच टावर, चेक पोस्ट, गैलरी और वेटिंग रूम को निर्माण किया जाना बाकी है। डिजाइन मुकम्मल हो चुका है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारी जतिंदर सिंह का कहना है कि कॉरिडोर के निर्माण में 350 से अधिक लोग जुटे हैं।

वेब सीरीज 'हॉस्टेजेस' में व्यापम घोटाले का जिक्र

नई दुनिया, भोपाल

▸ घोटाले में हार्ड डिस्क टेंपरिंग को लेकर है सबसे ज्यादा विवाद

मध्य प्रदेश के चर्चित व्यापम (व्यावसायिक परीक्षा मंडल) घोटाले का जिक्र हाल ही में आई साइकोलॉजिकल क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'हॉस्टेजेस' के एक एपीसोड में किया गया है। इसमें एक हार्ड डिस्क को लेकर कंप्यूटर विशेषज्ञ एक आतंकी से कहता है कि कहीं तुम इसका हाल व्यापम जैसा न कर देना।

आरोप लगता रहा है कि व्यापम के दफ्तर से जब्त हार्ड डिस्क के साथ टेंपरिंग हुई है। हार्ड डिस्क में एक्सेल शीट में तत्कालीन मुख्यमंत्री का नाम लिखे होने का आरोप है। आरोप लगाने वालों ने सुप्रीम कोर्ट में भी अपील दायर की। हालांकि मामले की जांच कर रही सीबीआइ ने फोरेंसिक रिपोर्ट के हवाले से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल चार्जशीट में कहा था कि हार्ड डिस्क के साथ टेंपरिंग नहीं हुई है।

यह दिखाया वेब सीरीज में : वेब सीरीज में चार नकाबपोश आतंकी एक डॉक्टर के घर में घुसकर उसके परिवार को बंधक बना लेते हैं। आतंकियों के बीच भी मतभेद रहते हैं। आतंकियों के सरगना और पूर्व पुलिस अधिकारी के पास एक हार्ड डिस्क होती है, जिसे वह घर में ही छुपा देता है। जैसे ही एक अन्य आतंकी को इसका पता चलता है तो वह इस हार्ड डिस्क को हासिल करता है। जिस परिवार को आतंकी बंधक बनाते हैं, उसका एक सदस्य कंप्यूटर हैक करने की क्षमता रखता है। आतंकी उस सदस्य की मदद लेकर हार्ड डिस्क को खुलवाते हैं। इसके बाद हार्ड डिस्क में मौजूद वीडियो क्लिप की सच्चाई का पता लगाने के लिए एक विशेषज्ञ की मदद ली जाती है। इस वीडियो में मुख्यमंत्री से जुड़ा आपत्तिजनक कंटेंट होता है। इस वजह से विशेषज्ञ उस आतंकी को आगाह करता है कि इस हार्ड डिस्क का भी हाल व्यापमं जैसा (टेंपरिंग) न हो जाए। दरअसल, वीडियो वायरल होने से बचाने के लिए विशेषज्ञ यह चेतावनी देता है।

परिवर्तन

दतिया-देवास में पहली बार मिले प्रमाण, गैर संरक्षित क्षेत्रों में बढ़ी संख्या, भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून की बाघ आकलन रिपोर्ट में हुई पुष्टि

मप्र के खुले क्षेत्रों में बाघों ने बढ़ाया इलाका

नईदुनिया, भोपाल

मध्य प्रदेश के संरक्षित वन क्षेत्रों की तुलना में गैर संरक्षित वन क्षेत्रों में बाघों की संख्या तेजी से बढ़ी है। 2014 में जिन क्षेत्रों में बाघों की उपस्थिति के संकेत तक नहीं थे, इस बार की गिनती में वहां बाघ पाए गए हैं। इनमें दतिया, देवास, उज्जैन सहित एक दर्जन ऐसे जिले शुमार हैं, जिनमें पिछले तीन-चार दशक से बाघ नहीं देखे गए। संख्या के हिसाब से जगह कम पड़ने के कारण बाघ अपनी टैरेटरी (मूवमेंट इलाका) में नए क्षेत्र शामिल कर रहे हैं। जानकार बताते हैं कि ये जिले बाघों के लिए अच्छे रहवास साबित हो सकते हैं।

वन विभाग के अफसर बताते हैं कि गैर संरक्षित क्षेत्रों में बाघों की संख्या तेजी से बढ़ी है। भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून की बाघ आकलन रिपोर्ट में भी इसकी पुष्टि हुई है। रायसेन के बरेली सहित अन्य छूटे क्षेत्रों, झाबुआ, शहडोल, सतना और सागर में भी बाघों ने उपस्थिति दर्ज कराई है। सागर के नौरादेही अभयारण्य में पिछले साल दो बाघ शिफ्ट किए गए थे। इसी बीच वहां तीसरे बाघ ने भी आमद दर्ज करा दी। विभाग के अफसरों का मानना है कि यह बाघ पन्ना टाइगर रिजर्व से आया होगा। तीन साल पहले तक इस क्षेत्र में एक भी बाघ नहीं था। भोपाल के केरवा और कठोतिया क्षेत्र में भी 2014 के मुकाबले बाघों की संख्या सात से बढ़कर 20 हो गई है। पन्ना टाइगर रिजर्व की तुलना में पार्क क्षेत्र के बाहर करीब 20 बाघों की उपस्थिति पाई गई है, जबकि पहले यहां बाघ नहीं थे।

छिंदवाड़ा, बैतूल के जंगल साबित हो सकते हैं अच्छे रहवास : बाघों के लिए नए रहवास विकसित करने की बात हो तो सतना, शहडोल, बैतूल और छिंदवाड़ा के जंगल उनके लिए अच्छे रहवास साबित हो सकते हैं। दरअसल, इन जिलों के जंगल आपस में टाइगर रिजर्व को जोड़ते हैं। यह बाघों के लिए दो टाइगर रिजर्व के बीच बेहतर कॉरीडोर हो सकता है। इन जंगलों में बाघों का लगातार मूवमेंट सामने आया है।

गैर संरक्षित क्षेत्रों में बाघों की संख्या तेजी से बढ़ी है। फाइल

खुले क्षेत्रों में बाघों की सुरक्षा बड़ी चुनौती

खुले क्षेत्रों में बाघ तो बढ़ गए हैं, लेकिन इनकी सुरक्षा बड़ी चुनौती बन गई है। संरक्षित क्षेत्रों में बाघों की सुरक्षा उतनी मुश्किल नहीं है, जितनी खुले क्षेत्रों में। वन्यप्राणी विशेषज्ञ जगदीश चंद्रा कहते हैं कि टाइगर स्टेट का दर्जा मिलने के बाद संरक्षित और गैर संरक्षित वन क्षेत्रों में निगरानी बढ़ानी पड़ेगी। इस स्थिति में बाघों की सुरक्षा बड़ी चुनौती है।

बरेली में मुस्लिम परिवारों ने दी पलायन की चेतावनी

जागरण संवाददाता, बरेली

▸ पीपल के पेड़ के नीचे धर्मस्थल निर्माण को लेकर है विवाद

▸ आज कांवड़ियों का जत्था लौटेगा, निर्माण की आशंका, पुलिस रहेगी तैनात

उत्तर प्रदेश के बरेली स्थित बहेड़ी में पीपल के पेड़ के नीचे धर्मस्थल निर्माण की आशंका जताते हुए चुरैली गांव के कुछ मुस्लिम परिवारों ने पलायन की चेतावनी दे दी। शिकायत के बाद पुलिस ने गांव पहुंच कर हालात का जायजा लिया। सोमवार को कांवड़ियों का जत्था लौटने के मद्देनजर गांव में फोर्स तैनात रहेगी।

बहेड़ी के चुरैली गांव में एक पीपल के पेड़ की हिंदू समुदाय के लोग पूजा करते हैं। मुस्लिम समुदाय के लोगों का कहना है कि सोमवार को कांवड़ियों का जत्था गांव लौटेगा। आशंका है कई गांवों के कांवड़ियों को एकत्र कर इस पेड़ के नीचे धर्मस्थल बनाने की कोशिश हो सकती है। यदि निर्माण हुआ तो वे गांव छोड़ देंगे।

बता दें कि पीपल के पेड़ के नीचे 31 मई, 2017 को हिंदू पक्ष ने छोटी दीवारें बनवाने के लिए निर्माण सामग्री मंगवाई थी तो मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ऐतराज किया था। शिकायत पर प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे और निर्माण न करने की हिदायत दी। पिछले साल 19 अगस्त को एक बार फिर आरोप लगा कि वहां निर्माण की कोशिश हो रही तो पुलिस ने पहुंचकर काम रुकवा दिया।

> चुरैली गांव में पेड़ के नीचे हिंदू पक्ष बाउंड्री बनवाना चाहता है। दूसरा समुदाय इसका विरोध कर रहा। वहां किसी भी निर्माण पर रोक लगा दी गई है। पलायन की स्थिति नहीं है। हालात काबू में रहें इसलिए सोमवार को तहसील के सभी अधिकारी व पुलिस तैनात रहेगी।
>
> **-ममता मालवीय, एसडीएम बहेड़ी**

शताब्दी एक्सप्रेस की जगह चलेगी नई दिल्ली-लुधियाना इंटरसिटी

जागरण संवाददाता, बहादुरगढ़ : दिल्ली-रोहतक रेलमार्ग पर शताब्दी एक्सप्रेस के स्थान पर अब रेलवे की ओर से लुधियाना इंटरसिटी चलाने का फैसला लिया गया है। यह ट्रेन चार अक्टूबर से चलेगी। खास बात यह है कि इसका ठहराव बहादुरगढ़ स्टेशन पर भी होगा। इससे यात्रियों को सुविधा मिलेगी। इस संबंध में दैनिक यात्री समिति के प्रयास सफल हुए हैं। दैनिक जागरण ने भी यात्रियों की इस मांग को उठाया था। शताब्दी एक्सप्रेस दिल्ली-लुधियाना और दिल्ली-मोगा के बीच चलती है। सप्ताह में चार दिन लुधियाना और दो दिन मोगा जाती है। यह ट्रेन दिल्ली से चलकर सीधी रोहतक में रुकती है। बीच में कहीं ठहराव नहीं है। नई समय-सारणी के अनुसार चरा अक्टूबर से इस ट्रेन की जगह लुधियाना इंटरसिटी एक्सप्रेस चलेगी। दैनिक रेल यात्री समिति द्वारा पिछले महीने रेल मंत्री और रेलवे महाप्रबंधक को पत्र लिखा था। रेल मंत्री को ट्वीट भी किया गया था। इस पर संज्ञान लेकर रेलवे ने चार अक्टूबर से संचालित होने वाली लुधियाना इंटरसिटी एक्सप्रेस का बहादुरगढ़ स्टेशन पर भी ठहराव स्वीकृत कर दिया है।